भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1982

जिसका उत्तर 19 दिसंबर, 2022/28 अग्रहायण, 1944 (शक) को दिया गया

एटीएम और कियोस्क की स्वच्छता

1982. श्री मोहनभाई कुंडारिया:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार जीवाणु/कवकीय संक्रमणों को फैलने से रोकने के लिए उन एटीएम और कियोस्कों की समुचित स्वच्छता सुनिश्चित करना है जिन्हें उपयोगकर्ताओं द्वारा बार-बार छुआ जाता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. भागवत कराड)

(क) से (ग): भारतीय बैंक संघ और बैंकों से प्राप्त सूचना के अनुसार, जीवाणु/कवकीय (फंगल) संक्रमणों को फैलने से रोकने के लिए साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखने हेतु सेनिटाइजेशन/संक्रमण रोधी प्रयास सहित एटीएम और किओस्कों की सफाई और अनुरक्षण हाउसकीपिंग स्टाफ/वेंडरों द्वारा नियमित आधार पर किया जाता है। साथ ही, एटीएम और किओस्कों की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए बैंक अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण किया जाता है।

******